**परियोजना का नाम–** मा0 मुख्य मंत्री जी की घोषणा संख्या–309/2020 शहीद स्मारक जड़ सैक्टर बिन्दुखत्ता में पूर्व सैनिकों/शहीदों के आश्रितों के प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु विकास केन्द्र का निर्माण।

# परियोजना का औचित्य

जनपद् नैनीताल के अर्न्तगत मा0 मुख्य मंत्री जी की घोषणा संख्या–309/2020 शहीद स्मारक जड़ सैक्टर बिन्दुखत्ता में पूर्व सैनिकों/शहीदों के आश्रितों के प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु विकास केन्द्र का निर्माण किये जाने हेतु उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या–858/XVII-C-1/2021-14(2)घो0/2021 दिनांक 05.08.2021 द्वारा स्वीकृति प्रदान की गयी है। वर्तमान में उक्त क्षेत्र में पूर्व सैनिकों/शहीदों के आश्रितों के प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु अन्य कोई विकास केन्द्र नहीं है। जिस कारण यहां के पूर्व सैनिकों/शहीदों के आश्रित रोजगार प्रशिक्षण एंव आजीविका संवर्धन हेतु विकास केन्द्र की सुविधा से वंचित है। उक्त विकास केन्द्र के निर्माण का उद्देश्य पूर्व सैनिकों/शहीदों के आश्रितों को कम्पयुटर शिक्षा, विद्युत सम्बन्धित कार्यों की तकनिकी शिक्षा, पलम्बरिंग, बड़ईगिरी, सिलाई–बुनाई आदि कार्य तथा सेना मे भर्ती होने वाले इच्छुक युवक / युवतियों को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर आजीविका संवर्धन हेतु आत्म–निर्भरता को बढावा देना है। उक्त विकास केन्द्र के निर्माण से सम्पूर्ण नैनीताल जनपद एंव कुमाऊॅ मण्डल के पूर्व सैनिकों/शहीदों के आश्रितों / युवक–युवतियों को लाभ होगा तथा रोजगार प्राप्ति का स्रोत भी होगा।

उक्त वन भूमि नगर पंचायत लालकुऑ की सीमा से लगे होने के कारण वन भूमि अतिक्रमण की दृष्टि से भी संवेदनशील है।

उक्त विकास केन्द्र के निर्माण हेतु उक्त क्षेत्र में अन्य कोई राजस्व एंव सिविल भूमि उपलब्ध न होने के कारण तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी के गौला राजि के अर्न्तगत लालकुऑ वन ब्लॉक में 0.063 है0 वन भूमि चयनित की गयी है जो कि उक्त विकास केन्द्र के निर्माण हेतु उपयुक्त है।

तहसीलदार
लालकुआँ (नैनीताल)

उपजिलाधिकारी
हल्द्वानी (नैनीताल)

Zila Sainik Kalyan Evam Punarvas Adhikari, Haldwani (Nainital)
प्रयोक्ता एजेन्सी

प्रभागीय वनाधिकारी
तराई पूर्वी वन प्रभाग
हल्द्वानी.

वन क्षेत्राधिकारी
गौला वन क्षेत्र
तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

उप प्रभागीय वनाधिकारी
(गौला)
तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी

मनोज सिंह रावत
रा0 उ0 नि0 क्षेत्र..................
तहसील लालकुआँ